# INDIAN SCHOOL SOHAR
## SUMMATIVE ASSESSMENT-II ( 2016-2017 )

**Class : VIII** **SUBJECT: HINDI** **Time : 3 Hrs**
**Date : 09 -03-2017** **Marks : 90**

सामान्य निर्देश ः *(1) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं - क ,ख ,ग और घ।*
*(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*
*(3) इस प्रश्न पत्र में कुल 20 प्रश्न हैं।*
*(4) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।*

---

## ( खंड - क ) - अपठित गद्यांश

प्रश्न **1** अपठित गद्यांश

हिंदी सजीव भाषा है।इसी कारण इसने अरबी ,फारसी आदि के संपर्क में आकर उनके शब्द ग्रहण कर लिए।अब अंग्रेजी के शब्दों को भी ग्रहण कर रही है ।इसे भाषा दोष नहीं ,गुण समझना चाहिए।अपनी इस ग्रहण शक्ति से हिंदी का विकास हो रहा है, ह्रास नहीं। जैसै-जैसे इसका प्रचार बढ़ेगा,वैसै-वैसे इसमें नए शब्द आते जाएँगे। हमें तो केवल इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इस सम्मिश्रण के कारण हमारी भाषा अपने स्वरूप को तो नष्ट नहीं कर रही है-कहीं अन्य भाषाओं के बेमेल शब्दों के मिश्रण से अपना रूप तो नहीं बिगाड़ रही है।

**उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए ।**

(क) हिंदी कैसी भाषा है ? (1)
(ख) हिंदी भाषा ने किन-किन भाषा के शब्दों को ग्रहण किया है? (1)
(ग) हिंदी भाषा के विकास का क्या कारण है? (1)
(घ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)
(ङ) दूसरी भाषाओं से शब्द लेते समय किस बात का ध्यान रखना चाहिए? (2)
(च) गद्यांश में आए दो शब्द-युग्म चुनकर लिखें । (2)
(छ) विलोम शब्द लिखिए - सजीव , गुण (2)

प्रश्न **2** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

सफल और असफल मनुष्य में क्या अंतर है ? यही कि एक को अपने परिश्रम का मूल्य मिला और दूसरे को नहीं ।परंतु इसके पीछे क्या रहस्य है?सफल मनुष्य ने अपना सारा काम बुद्धिमानी और सजगता से किया,जबकि असफल व्यक्ति ने काम को बोझ मानकर किसी प्रकार बस पूरा किया ।ऐसे लोग काम तो बहुत करते हैं ,किंतु उसमें अपनी संपूर्ण निष्ठा और आस्था नहीं रखते।परिणाम यह होता है कि उनके द्वारा कार्यो में अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाती और वे व्यर्थ ही भाग्य को दोष देते हैं।

(क) सफल और असफल मनुष्य में क्या अंतर है ? (1)

(ख) बहुत अधिक काम करने पर भी लोग असफल क्यों रह जाते हैं ? (2)

(ग) सफल व्यक्ति के काम करने के पीछे क्या विशेषता होती है ? (2)

(घ) कैसे लोग भाग्य को दोष दिया करते हैं ? (1)

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

(च) 'भाग्य' का विलोम शब्द लिखिए । (1)

(छ) गद्यांश में आए 'इत' और 'ता' प्रत्यय वाले शब्द पहचान कर लिखो। (2)

## (खंड - ख) - व्याकरण

**प्रश्न 3** वर्तनी शुद्ध कीजिए - इतिहासिक (1)

**प्रश्न 4** दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - नज़दीक , रोगी (2)

**प्रश्न 5** संधि - विच्छेद कीजिए - रेखांकित , स्वागत (2)

**प्रश्न 6** दिए गए शब्दों के लिंग बताइए - हिमालय , संस्कृत (2)

**प्रश्न 7** संधि कीजिए - महा + उत्सव , एक + एक (2)

**प्रश्न 8** दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - वाणी , गुनाह (2)

**प्रश्न 9** निम्नलिखित में अलंकार के नाम लिखिए। (2)

(क) बाँस से बाँसुरी बनी।

(ख) प्रियतम! बतला दो मेरा लाल कहाँ है ?

**प्रश्न 10** निम्नलिखित वाक्यों में वाच्य-भेद बताइए । (2)

(क) चला जाए ।

(ख) भारत ने फुटबॉल विश्वकप जीता।

**प्रश्न 11** दिए गए वाक्यों के भेद लिखिए । (2)

(क) वाह ! चित्र तो बहुत सुंदर है।

(ख) आप घूमने कब जा रहे हैं ?

प्रश्न **12** निम्नलिखित शब्दों के उपसर्ग एवं मूलशब्द अलग करके लिखिए। (3)

संयोग , दुर्घटना , निरपराध

## ( खंड - ग ) - साहित्य

प्रश्न **13** निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (5)

दस्यु , खरे , ओजस्वी , कपोल , तिक्त

प्रश्न **14** निम्नलिखित शब्दों तथा मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (5)

अपना ही राग अलापना , आग में घी डालना , खून खौल उठना , लक्ष्य , महान

प्रश्न **15** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

बहुत वर्षों के बाद मैं गाँव लौटा था।गाँव में बहुत कुछ बदल गया था पर समुद्र-तट वाला विस्तृत क्षेत्र अभी वैसा-का-वैसा ही था।समुद्र तट पर आकर मैं खड़ा हुआ कि मुझे गणितवाले मास्टर जी याद आ गए।वे यहीं रहते थे।हरी सुंदर बाड़ लगा आँगन और छोटा सा मकान ।उन दिनों हम शिक्षकों से बहुत डरते थे।पर कभी-कभी उनका मज़ाक भी उड़ाते थे।हवा के शुद्ध,स्वच्छ महासागर में जिस तरह से धुएँ के प्रदूषण की पहली धारा प्रविष्ट होती है,उसी तरह जब मैं थोड़ा बड़ा हुआ तो मेरे तरल श्वास में एक प्रदूषण घुमड़ने लगा।मेरे पिताजी ने स्कूल के भवन-निर्माण के लिए बहुत-सा-धन दान दिया था।वे प्रबंधकारिणी समिति में थे और एक बड़े वकील होने के कारण उनकी खासी प्रतिष्ठा थी।इस बात का मुझे तब पता चला जब उन्होंने मुझसे एक बार पूछा,"तुम्हारे मास्टर तुम्हें ठीक से पढ़ाते तो हैं? कोई तुम्हें तंग करे तो बताना, सीधा कर दूँगा उसे!"

(क) विजय वकील के मन में कौन-सी धारणा प्रदूषण की तरह घर कर गई थी ? (1)

(ख) विजय वकील का गाँव कहाँ था ? (1)

(ग) पिताजी की प्रतिष्ठा का क्या कारण था ? (1)

(घ) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखो। (2)

प्रश्न **16** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। (8)

(i) पावनतम अनुबंध किस -किस के बीच हुआ है ?

(ii) ओ पिता ! किसके लिए कहा गया है ?

(iii) समाधि स्थल पर रानी लक्ष्मीबाई ने क्या किया था ?

(iv) सुब्रह्मण्य भारती का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

प्रश्न **17** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए। (कोई चार) (12)

(i) राजा का अनुग्रह न लेने से मधुलिका के जीवन में क्या परिवर्तन आया ?

(ii) काशी के जीवन का भारती पर गहरा प्रभाव पड़ा -उदाहरण सहित लिखिए।

(iii) आदतों को मृतप्राय क्यों कहा गया है ?

(iv) यह कैसे पता चलता है कि चारों ओर मकरंद बिखर गया है ?

(v) कविता में कवयित्री ने रानी लक्ष्मीबाई की समाधि की क्या-क्या विशेषताएँ बताई हैं ?

## ( खंड - घ ) - लेखन

प्रश्न **18** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (**80** से **100** शब्दों में) (5)

(i) अब्दुल कलाम

(ii) मेरी पहली हवाई यात्रा

(iii) रंगों का त्योहार होली

प्रश्न **19** विद्यालय की प्रधानाचार्या को विद्यालय में प्रवेश लेने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए। (5)

प्रश्न **20** विद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी के संबंध में दो छात्रों के बीच संवाद लिखिए (5)